व्याख्यान, रैली तथा तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने की शपथ ग्रहण समारोह के साथ विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 2019 का आयोजन

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर एवं महू में संचालन, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण संचालनालय, मध्यप्रदेश के पत्रानुसार दिनांक 31 मई 2019 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य माननीय डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसके अंतर्गत महाविद्यालयों के शिक्षकों, छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों द्वारा शपथ ग्रहण समारोह, व्याख्यान एवं रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर. के. शर्मा द्वारा समस्त शिक्षकों, छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों को कभी भी धूम्रपान एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात् विभिन्न छात्र–छात्राओं द्वारा तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के विषय में व्याख्यान प्रस्तुत किया। तम्बाकू निषेध जागरूकता रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट एवं हाई–कोर्ट चौराहे से होते हुए शैक्षणिक पशुचिकित्सा परिसर में समाप्त हुई। इस रैली के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर रूक कर युवाओं एवं जनसामान्य को तम्बाकू एवं तम्बाकू युक्त मादक पदार्थो के सेवन न करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही इस रैली में पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से तम्बाकू निषेध पर स्वयं के उद्गार प्रस्तुत किये। ताकि इन मादक पदार्थों से होने वाली बीमारियों जैसे कैंसर, टी.बी. इत्यादि से बचाया जा सके। इस कार्यक्रम में महाविद्यालयों के अधिष्ठाता गण डॉ. राजेश शर्मा एवं डॉ. एस.के. महाजन शिक्षकगण डॉ. गिरिधारी दास, डॉ. रणविजय सिंह, डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, डॉ. क्षेमांकर श्रमण, डॉ सुमन कुमार, डॉ सेरलीन तोमर, डॉ निधि गुप्ता, डॉ अजय राय, प्रभारी, रासेया, डॉ. सोना दुबे डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ.प्रीति मिश्रा, श्री रौनक मिश्रा, श्रीमति शाम्भवी शेवडे, अर्चना शर्मा, श्री लक्ष्मी कोरी एवं समस्त कर्मचारी व छात्र/छात्रायें उपस्थित थे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर